# एस वी सी अनुभव

छात्रवृत्ति - बहुमुखी प्रतिभा - सौहार्द




## संपर्क


**परिसर**
श्री वेंकटेश्वर महाविद्यालय
(दिल्ली विश्वविद्यालय)
बेनितो जुआरेज़ मार्ग
धौला कुआँ, नई दिल्ली – 110021

**वेब पता**
www.svc.ac.in

**ई-मेल पता**
principal@svc.ac.in

**फोन/फ़ैक्स नंबर**
फोन : 011-24112196, 011-24118535, 011-24118590
फ़ैक्स : 011-2411-8535


# सूचना विवरणिका 2024-25




तिरुमला तिरुपति देवस्थानम

## श्री वेंकटेश्वर महाविद्यालय (दिल्ली विश्वविद्यालय)

NAAC द्वारा 'A+' ग्रेड सहित प्रत्यायित



# तिरुमला तिरुपति देवस्थानम

## ज्ञानं विज्ञानसहितम्

"अनुभूत ज्ञान के माध्यम से आत्मबोध"

## सत्यान् न प्रमदितव्यम्

"सत्य से विचलित ना हों "

ए +
NAAC ग्रेड

#10
इंडिया टुडे द्वारा
सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट
रिकॉर्ड के लिए
2022

एन आई आर
एफ़ 2023
#13

आउटलुक
रैंकिंग
2024

विज्ञान #09
वाणिज्य #13
कला #06

इंडिया टुडे
रैंकिंग
2024

#10 विज्ञान
#12 वाणिज्य
#10 कला

#8
एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया
नॉन-ऑटोनोमस
कॉलेज रैंकिंग
(2024-25)

# प्राचार्य - संदेश


प्रिय विद्यार्थियो,

जैसे ही आप विद्यालयीन शिक्षा पूरी करके जीवन की एक और रोमांचकारी यात्रा की ओर बढ़ते हैं, हम तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के तत्वावधान में चल रहे दिल्ली विश्वविद्यालय के अग्रणी घटक कॉलेजों में से एक श्री वेंकटेश्वर कॉलेज में आपका स्वागत करते हुए प्रसन्नता का अनुभव करते हैं। श्री वेंकटेश्वर कॉलेज में, आप – याने हमारे विद्यार्थी - सर्वोच्च प्राथमिकता हैं, और हम आपके शैक्षणिक और व्यक्तिगत, दोनों ही तरह के विकास के लिए संजीदगी पूर्वक कार्य करते हैं। पिछले साठ वर्षों में, हमारी संस्था ने ऐसे कैंपस जीवन को बढ़ावा देने के लिए काम किया है जो समावेशी हो, सहयोगी हो और जिसमें खुलकर जीने और सीखने का माहौल हो तथा जहां कोई भी अपनी उच्चतम क्षमता को हासिल कर सके। तीन दूरदर्शी चिंतकों व इस कॉलेज के संस्थापकों - श्रीमती दुर्गाबाई देशमुख, श्री के.एल. राव, और श्री सी. अन्ना राव की समृद्ध विरासत को बनाए रखने के लिए हमारे संकाय सदस्य कड़ी मेहनत करते हैं और शैक्षणिक और अनुसंधान कार्यों में, शिक्षा के माध्यम से जीवन को सही दिशा देने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। हमारे सम्मानित संकाय सदस्यों द्वारा प्रदान किए जाने वाले नवप्रायोगिक शिक्षण और श्रेष्ठ शिक्षण वातावरण के अलावा, संस्थान में बहुत-सी पाठ्येतर गतिविधियों तथा सोसायटियों और क्लबों की एक विस्तृत श्रृंखला है, जो छात्रों को स्वयं की क्षमताओं को पहचानने और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अपार अवसर प्रदान करती है। यह उनके लिए एक संतुष्टिदायक अनुभव रहता है। इस प्रकार, संस्थान में अध्ययन और विद्यार्जन एक आनंददायक और समृद्ध अनुभव बन जाता है जो आपके व्यक्तित्व के चतुर्दिक विकास में सहायक सिद्ध होता है।

जैसे ही आप हमारे साथ जुडते हैं, असीम संभावनाओं के द्वार आपके समक्ष खुल जाते हैं, जिनमें सामाजिक और ज्ञानार्जन , अनुसंधान और पाठ्येतर गतिविधियों का एक कैलेंडर शामिल होता है, जो आपके भीतर की सर्वश्रेष्ठ संभावनाओं को प्रकट करने में सहायक होता है। हम आपका मार्गदर्शन करने, हर कदम पर आपकी सहायता करने और आपके भविष्य के शैक्षणिक और व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु आपको तैयार करने के लिए सदैव तत्पर हैं। हम 2024 में आपमें से कई विद्यार्थियों से मिलने के लिए उत्सुक हैं। मैं आपके सपनों को साकार करने की दिशा में कार्य करते हुए आपकी सफलता की मंगल कामना करता हूं।



प्रो. वज्झला रवि
प्राचार्य



# तालिका

## श्री वेंकटेश्वर कॉलेज के विषय में


हमारी शुरुआत और दृष्टिकोण ........ 01
हमारा परिसर ........ 03
एस वी सी संकाय सदस्य ........ 05


## सुविधाएं


हमारी सुविधाएं ........ 13
पुस्तकालय ........ 15
अकादमिक जगत से इतर ........ 17
छात्रावास ........ 19


## सीखने का अनुभव


शोध @ एस वी सी ........ 21
श्री विप्रा ........ 22
एफ़ ए ए - ललित कला संघ ........ 23
नेक्सस ........ 33
विकसित भारत @2047 ........ 35
छात्र-संघ ........ 36
खेल-कूद ........ 37
एन सी सी ........ 38
सामाजिक जिम्मेदारी ........ 39
पर्यावरण चेतना @ एस वी सी ........ 43
प्लेसमेंट प्रकोष्ठ ........ 45


## प्रवेश 2024-25


प्रस्तावित पाठ्यक्रमों की सूची ........ 45
पाठ्यक्रमानुसार स्थानों का आवंटन ........ 51
प्रवेश शुल्क संरचना ........ 57
शुल्क वापसी नीति ........ 63
छात्रावास शुल्क ........ 65

# हमारी शुरुआत और दृष्टिकोण

## सत्यान् न प्रमदितव्यम्

ज्ञान साझा करने की उनकी इच्छा और सभी के लिए शिक्षा को सुलभ बनाने का सपना तीन दूरदर्शी लोगों को एक साथ लाया : श्रीमती दुर्गाबाई देशमुख, श्री के.एल. राव, और श्री सी. अन्ना राव, जिन्होंने भारत की आजादी के शुरुआती दशकों में ज्ञान के प्रसार के लिए एक जीवंत संस्थान की स्थापना की। इसका उद्देश्य दिल्ली में पारंपरिक मूल्यों, आधुनिक दृष्टिकोण और तार्किक चिंतन को शिक्षण में समाहित करना था।

**तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) द्वारा प्रदान की गई सहायता और प्रोत्साहन से यह सपना हकीकत में बदल सका और श्री वेंकटेश्वर कॉलेज ने 1961 में आंध्र एजुकेशन सोसाइटी में अपनी प्रारम्भिक शुरुआत की। श्री वेंकटेश्वर कॉलेज की आधारशिला वर्ष 1961 में प्रख्यात भारतीय दार्शनिक और राजनेता डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन द्वारा रखी गई थी। ।**



श्री वेंकटेश्वर कॉलेज भविष्य के संवेदनशील, संतुलित वैश्विक नागरिकों का व्यक्तित्व विकसित करने की परिकल्पना करता है जिनके चित्त में स्वदेशी मूल्य सुगुम्फित हों और  मस्तिष्क आलोचनात्मक चिंतन की क्षमता से युक्त हो। हमने प्रारम्भ से ही अपने संस्थापकों द्वारा निर्धारित आदर्शों का निरंतर अनुसरण किया है और विविध पृष्ठभूमि के छात्रों के लिए समग्र शिक्षण माहौल बनाने का गौरवपूर्ण कार्य किया है।

इस वर्ष इस प्रतिष्ठित संस्थान को 63 वर्ष पूरे हो गए हैं, जो पिछले कई दशकों से श्रेष्ठ व गौरवपूर्ण छवि निर्मित किए हुए है। श्री वेंकटेश्वर कॉलेज ने पिछले कुछ वर्षों में भारतीय शिक्षा जगत में एक अदम्य स्थान हासिल कर लिया है। हमें इस बात पर गर्व है कि 'वेंकी' के छात्र आज की दुनिया में जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने की अपनी प्रवृत्ति के लिए जाने जाते हैं।









## हमारा दृष्टिकोण

श्री वेंकटेश्वर कॉलेज अपने आदर्श वाक्य "सत्यत् न प्रमदितव्यम्" (सत्य से विचलित न हों) के अनुरूप समग्र,समावेशी और भविष्यपरक शिक्षा पर जोर देते हुए "ज्ञान के माध्यम से आत्म-साक्षात्कार" को परिकल्पित करता है। यह उपनिषदिक मूल्य हमारे सभी प्रयासों में मार्गदर्शक सिद्धांत रहा है।

## हमारा मिशन

हमारे मूल दृष्टिकोण के अनुरूप, श्री वेंकटेश्वर कॉलेज का मिशन है :

- एक अनुकूल शैक्षणिक अधिगम वातावरण प्रदान करना , जो छात्रों के बीच सामाजिक गतिशीलता और नेतृत्व की भावना को बढ़ावा दे सके।
- हितधारकों, यानी छात्रों, संकाय सदस्यों, प्रशासन और प्रबंधन के सामूहिक प्रयासों के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता बनाए रखना।
- एक ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए प्रयास करना, जो शिक्षणशास्त्र और अनुसंधान में नवाचार को बढ़ावा दे।
- समाज की लगातार बदलती जरूरतों के अनुरूप शैक्षणिक प्रयासों के माध्यम से नवीन ज्ञान को प्रोत्साहित करना ।
- समन्वित आउटरीच कार्यक्रमों और पर्यावरण अनुकूल 'हरित' कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता बढ़ाना।
- मूल्य-आधारित शिक्षा प्रदान करना और छात्रों के बीच आपसी सम्मान और विश्वास के साथ प्रतिस्पर्धी भावना को बढ़ावा देना।





## हरित परिसर

परिसर में प्रवेश करते ही हमारा मंत्रमुग्ध कर देने वाला हरा-भरा परिसर और विशाल हरे-भरे लॉन आपका स्वागत करते हैं। हरियाली श्री वेंकटेश्वर परिवार को दिल्ली के प्रदूषण से सुरक्षित रखती है। अद्वितीय वनस्पतियों और अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ वर्तमान 15 एकड़ का हरा-भरा परिसर हमारे दृष्टिकोण के प्रति श्री वेंकटेश्वर कॉलेज परिवार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।





### कनेक्टिविटी

हमारा परिसर ठीक रिंग रोड पर ही स्थित है और दुर्गाबाई देशमुख साउथ कैंपस मेट्रो स्टेशन (पिंक लाइन) के अत्यंत निकट है।

### आईसीटी सक्षम कक्षाएँ

समर्पित इंटरनेट कनेक्टिविटी श्री वेंकटेश्वर कॉलेज में शिक्षा और अध्ययन-अध्यापन को रोचक और रोमांचक बनाती है। हमारी अधिकांश कक्षाएँ प्रोजेक्टर और सफेद स्क्रीन से युक्त हैं, जो डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग शिक्षा और अध्ययन में सहायता करने के लिए सुविधाजनक बनाते हैं। फिल्मों, दृश्य कला, और प्रस्तुतियों जैसे माध्यमों को शामिल करने से कक्षा विचार-विमर्श और विचारों को आत्मसात करने के लिए एक समृद्ध स्थान बन जाती है।



# हमारा परिसर

**श्री वेंकटेश्वर कॉलेज मानविकी, वाणिज्य और विज्ञान में 20 से अधिक स्नातक पाठ्यक्रम प्रस्तावित करता है। 1961 में स्थापित इस कॉलेज का समावेशी, प्राप्य और मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करने का एक लंबा इतिहास है। कॉलेज की लोकप्रियता शिक्षा, अनुसंधान, और अध्ययन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के प्रति अपनी निष्ठा के कारण है।**

15 एकड़ — एसवीसी परिसर क्षेत्र (32375.3 वर्ग मीटर के निर्मित क्षेत्र)

60 — कक्षाएँ

24 — सुसज्जित प्रयोगशालाएँ

11 — अनुसंधान प्रयोगशालाएँ

05 — आईसीटी आधारित प्रयोगशालाएँ, 170 कम्प्यूटर सिस्टम

### सुसज्जित प्रयोगशालाएँ

हमारा कॉलेज अपनी वातानुकूलित सूचना और संचार प्रौद्योगिकी प्रयोगशालाओं के लिए जाना जाता है जो डिजिटल शिक्षण की सुविधा के लिए प्रोजेक्टरों और डेस्कटॉप से सुसज्जित हैं। हालाँकि, जो बात हमें अन्य संस्थानों से अलग करती है, वह है हमारे प्रेरणादायी, मिलनसार शिक्षण संकाय सदस्य और सहायक, चौकस कर्मचारी जो छात्रों का मार्गदर्शन करने और उनकी सहायता करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

# संकाय सदस्य - 2024

## जैव रसायन-शास्त्र

| नाम | योग्यता | अनुभव (वर्ष) |
|---|---|---|
| डॉ. मीनाक्षी कुहार | पीएच. डी. | 32 |
| प्रो. एन. लता | पीएच. डी. | 32 |
| डॉ. अंजु कैकर | पीएच. डी. | 23 |
| डॉ. नन्दिता नारायनसामी | पीएच. डी. | 23 |
| डॉ. शालिनी सेन | पीएच. डी. | 17 |
| डॉ. कामेश्वर शर्मा वाई. वी. आर. | पीएच. डी. | 9 |
| डॉ. वंदना मल्होत्रा | पीएच. डी. | 9 |
| डॉ. निमिषा सिन्हा | पीएच. डी. | 9 |
| डॉ. रवीन्द्र वर्मा पोलिशेट्टी | पीएच. डी. | 9 |
| डॉ. सारिका यादव | पीएच. डी. | 9 |
| श्री सिद्धार्थ तरितला | स्नातकोत्तर | 1.2 |
| श्री लक्ष्य मल्होत्रा | स्नातकोत्तर | 1.2 |

## वनस्पति-विज्ञान

| नाम | योग्यता | अनुभव (वर्ष) |
|---|---|---|
| डॉ. शुक्ला सलूजा | पीएच. डी. | 17 |
| डॉ. पूजा गोखले सिन्हा | पीएच. डी. | 13 |
| डॉ. सुनीता यादव | पीएच. डी. | 6 |
| डॉ. नवनीत कुमार | पीएच. डी. | 8 |
| डॉ. मधु रैना | पीएच. डी. | 4 |
| डॉ. मनोज ठाकुर | पीएच. डी. | 1.5 |
| डॉ. मुथाबाथुला प्रज्ञा | पीएच. डी. | 10 |
| डॉ अदिति छाजेड़ | पीएच. डी. | 13 |
| डॉ. सचिन कुमार | पीएच. डी. | 3 |
| डॉ. शांतनु मण्डल | पीएच. डी. | 6 |
| डॉ. के. प्रसाद | पीएच. डी. | 1.5 |
| डॉ. पामिल तायल | पीएच. डी. | 8 |
| डॉ. गुडुरु कृष्ण कुमार | पीएच. डी. | 6 |
| डॉ. अमृता सिंह | पीएच. डी. | 3 |
| डॉ. श्वेता शर्मा | पीएच. डी. | 8 |



## रसायन-शस्त्र

| नाम | योग्यता | अनुभव (वर्ष) |
|---|---|---|
| डॉ. मर्सी कुट्टी जेकब | पीएच. डी. | 33 |
| डॉ. विभा सक्सेना | पीएच. डी. | 28 |
| प्रो. संजय कुमार | पीएच. डी. | 23 |
| प्रो. शारदा पसरीचा | पीएच. डी. | 18 |
| डॉ. शेफाली शुक्ला | पीएच. डी. | 19 |
| डॉ. शेल्ला रमनियाह | पीएच. डी. | 4 |
| श्री हर्ष वर्धन मीणा | स्नातकोत्तर | 14 |
| डॉ. पूजा | पीएच. डी. | 8 |
| डॉ. रेखा यादव | पीएच. डी. | 7 |
| डॉ. प्रज्ञा गहलोत | पीएच. डी. | 15 |
| डॉ. रंगराजन टी.एम. | पीएच. डी. | 6 |
| डॉ. थोती वसन्ता | पीएच. डी. | 4 |
| डॉ. रामवथ जनराज नायक | पीएच. डी. | 4 |
| डॉ. रविंद्र कुमार उपाध्याय | पीएच. डी. | 1.5 |
| डॉ. विनीता कपूर | पीएच. डी. | 9 |
| डॉ. मुरली मोहन आचारी कमसली | पीएच. डी. | 6 |
| डॉ. शिखा गुलाटी | पीएच. डी. | 8 |
| डॉ. चंद्र शेखर टेकुरी | पीएच. डी. | 3 |
| सुश्री लैशराम साया देवी | एम. फिल. | 8 |
| डॉ. येंगुलू वीरमनोहर रेड्डी | पीएच. डी. | 1.5 |
| डॉ. नीलम कुमारी | पीएच. डी. | 1.5 |
| डॉ. मीना बिष्ट | पीएच. डी. | 1.5 |

## वाणिज्य

| नाम | योग्यता | अनुभव (वर्ष) |
|---|---|---|
| सुश्री सुनीता छाबड़ा | स्नातकोत्तर | 31 |
| डॉ. ममता अरोड़ा | पीएच. डी. | 31 |
| डॉ. श्रुति माथुर | पीएच. डी. | 17 |
| डॉ. सिंधुमणि बाग | पीएच. डी. | 15 |
| डॉ. विनोद कुमार | पीएच. डी. | 11 |
| डॉ.पूजा जैन | पीएच. डी. | 16 |
| सुश्री एंजेल जोसी लाकरा | स्नातकोत्तर | 2 |
| श्री आशीष जैन | स्नातकोत्तर | 6 |
| डॉ. अंतिमा शर्मा | स्नातकोत्तर | 1.1 |
| डॉ. एम. रामा नायक | पीएच. डी. | 1.1 |
| डॉ. देवेंद्र मलपति | पीएच. डी. | 11 |
| डॉ.नेहा सिंघल | पीएच. डी. | 10 |
| श्री अजित सिंह | स्नातकोत्तर | 8 |
| डॉ. अर्पिता कौल | पीएच. डी. | 13 |
| सुश्री दीपिका | एम. फिल. | 3 |
| सुश्री मोहिनी यादव | स्नातकोत्तर | 5 |
| डॉ. पी. चेंगल रयुलु | पीएच. डी. | 7 |
| डॉ. नीतू कुशवाहा | पीएच. डी. | 1.1 |

## अर्थशास्त्र

| नाम | योग्यता | अनुभव (वर्ष) |
|---|---|---|
| डॉ. एम. पद्मा सुरेश | पीएच. डी. | 40 |
| प्रो. अरुणा राव | पीएच. डी. | 39 |
| डॉ. एस. कृष्ण कुमार | पीएच. डी. | 18 |
| श्री डी. ब्रह्मा रेड्डी | एम. फिल. | 18 |
| सुश्री शिबानी गोस्वामी | एम. फिल. | 3 |
| श्री योगेश मल्होत्रा | एम. फिल. | 3 |
| डॉ. सोनाक्षी जैन | पीएच. डी. | 3 |
| डॉ. कनिका पठानिया | पीएच. डी. | 1.5 |
| सुश्री मौसुमी मौहंती | स्नातकोत्तर | 1.5 |
| श्री अभिषेक मल्होत्रा | स्नातकोत्तर | 1.5 |
| सुश्री वर्ड्डूरेड्डी सुष्मिता नायडू | स्नातकोत्तर | 5 |

## इलेक्ट्रॉनिकी

| नाम | योग्यता | अनुभव (वर्ष) |
|---|---|---|
| डॉ. नीरू कुमार | पीएच. डी. | 33 |
| प्रो. जे. ललिता | पीएच. डी. | 33 |
| डॉ. नूतन कला जोशी | पीएच. डी. | 31 |
| डॉ. सुनीता जैन | पीएच. डी. | 31 |
| डॉ. हरी सिंह | पीएच. डी. | 14 |
| डॉ. राखी नारंग | पीएच. डी. | 10 |
| डॉ. हिना यादव | पीएच. डी. | 2 |
| डॉ. तारकेश्वर राव कविती | पीएच. डी. | 16 |
| डॉ. राहुल | पीएच. डी. | 7 |

## अंग्रेज़ी

| नाम | योग्यता | अनुभव (वर्ष) |
|---|---|---|
| प्रो. मीनाक्षी भरत | पीएच. डी. | 38 |
| प्रो. रत्ना रमन | पीएच. डी. | 35 |
| प्रो. रीना रामदेव | पीएच. डी. | 22 |
| डॉ. निखिल यादव | पीएच. डी. | 17 |
| डॉ. रूपलीना बोस | पीएच. डी. | 17 |
| सुश्री देबारती सेन | एम. फिल. | 16 |
| श्री अमन नवाज़ | एम. फिल. | 5 |
| डॉ. अमृता शर्मा | पीएच. डी. | 1.3 |
| सुश्री एन. तेजस्विनी | स्नातकोत्तर | 1.3 |
| डॉ. रितिका सिंह | पीएच. डी. | 7 |
| श्री निशांत | स्नातकोत्तर | 3 |
| सुश्री पूजा शर्मा | स्नातकोत्तर | 3 |
| डॉ. मानवी सिंह | पीएच. डी. | 2 |

## पर्यावरण-विज्ञान

| नाम | योग्यता | अनुभव (वर्ष) |
|---|---|---|
| डॉ. रॉबिन सुयश | पीएच. डी. | 9 |
| डॉ. पंकज कुमार | पीएच. डी. | 1.5 |

## हिन्दी

| नाम | योग्यता | अनुभव (वर्ष) |
|---|---|---|
| प्रो. ऋचा मिश्रा | पीएच. डी. | 32 |
| डॉ. मुकुल शर्मा | पीएच. डी. | 33 |
| डॉ. सी. एस. रावत | पीएच. डी. | 23 |
| डॉ. जय विनोद कुमार | पीएच. डी. | 18 |
| डॉ. पूनम सूद | पीएच. डी. | 17 |
| डॉ. अरुण कुमार भारद्वाज | पीएच. डी. | 9 |
| डॉ. राम किशोर यादव | पीएच. डी. | 9 |
| डॉ. अरविंद कुमार मीणा | पीएच. डी. | 9 |
| डॉ. लता | पीएच. डी. | 9 |
| डॉ. जितेंद्र वीर कालरा | पीएच. डी. | 9 |
| डॉ. ध्रुव कुमार | पीएच. डी. | 1.3 |
| डॉ. अविनाश कुमार | पीएच. डी. | 2 |

## इतिहास

| नाम | योग्यता | अनुभव (वर्ष) |
|---|---|---|
| प्रो. निर्मल कुमार | पीएच. डी. | 35 |
| श्री एम. जीवन | स्नातकोत्तर | 17 |
| प्रो. वंदना जोशी | पीएच. डी. | 17 |
| सुश्री नूती नमिता | स्नातकोत्तर | 17 |
| डॉ.  निंगमुयान चिंग | पीएच. डी. | 6 |
| सुश्री राजबीर कौर | एम. फिल. | 7 |
| डॉ. सुनीता सैकिया | पीएच. डी. | 1.5 |
| डॉ. प्रवीण वर्मा | पीएच. डी. | 1.5 |
| सुश्री झाँसी रंगू | एम. फिल. | 5 |

## गणित

| नाम | योग्यता | अनुभव (वर्ष) |
|---|---|---|
| सुश्री शकुंतला वधवा | स्नातकोत्तर | 38 |
| प्रो. आर. के. बुधराजा | पीएच. डी. | 37 |
| डॉ. मैनक मुखर्जी | पीएच. डी. | 27 |
| सुश्री प्रतिभा गौड़ | स्नातकोत्तर | 25 |
| प्रो. स्वर्ण सिंह | पीएच. डी. | 23 |
| डॉ. दीप्ति जैन | पीएच. डी. | 17 |
| श्री निनियन नवनीत कुजूर | स्नातकोत्तर | 16 |
| डॉ. अमित कुमार | पीएच. डी. | 14 |
| डॉ. सुधाकर यादव | पीएच. डी. | 10 |
| डॉ. निशा बोहरा | पीएच. डी. | 10 |
| डॉ. राहुल ठाकुर | पीएच. डी. | 1.5 |
| सुश्री मोनिका मीणा | स्नातकोत्तर | 4 |
| डॉ. पी. देवकी | पीएच. डी. | 10 |
| श्री अनुज कुमार | एम. टेक. | 1.5 |
| श्री विकास जोरवाल | स्नातकोत्तर | 8 |
| सुश्री आरुषि | स्नातकोत्तर | 1.5 |
| श्री महेंद्र प्रताप पाल। | एम. फिल. | 7 |

## शारीरिक-शिक्षा

| नाम | योग्यता | अनुभव (वर्ष) |
|---|---|---|
| डॉ. नरेंद्र गौड़ | पीएच. डी. | 18 |

## भौतिकी

| नाम | योग्यता | अनुभव (वर्ष) |
|---|---|---|
| डॉ. प्रतिमा व्यास | पीएच. डी. | 35 |
| डॉ. अनुनय कुमार चौधरी | पीएच. डी. | 28 |
| प्रो. के. चंद्रमणि सिंह | पीएच. डी. | 28 |
| डॉ. नरेंद्र कुमार | पीएच. डी. | 18 |
| प्रो. अनंत पांडे | पीएच. डी. | 16 |
| डॉ. राम लाल अवस्थी | पीएच. डी. | 4 |
| डॉ. मैन पाल | पीएच. डी. | 11 |
| डॉ. मुनिपल्ली अनिल कुमार | पीएच. डी. | 3 |
| डॉ. राघवेंद्र वेमुरी | पीएच. डी. | 11 |
| डॉ. विवेक पँवार | पीएच. डी. | 7 |

## राजनीति-विज्ञान

| नाम | योग्यता | अनुभव (वर्ष) |
|---|---|---|
| डॉ. नमिता पांडे | पीएच. डी. | 28 |
| डॉ. अरूप सिंह | पीएच. डी. | 27 |
| डॉ. हाओकम वाइफे | पीएच. डी. | 6 |
| डॉ. रेवुरु नरसियाह | पीएच. डी. | 2 |
| डॉ. येरूवा लक्ष्मी | स्नातकोत्तर | 2 |
| डॉ. दुर्गेश कुमार | पीएच. डी. | 2 |
| श्री आशीष कुमार ठाकुर | एम. फिल. | 3 |
| डॉ. लतिका बिशनोई | पीएच. डी. | 3 |
| सुश्री प्रीति सिंह | एम. फिल. | 1.2 |

## संस्कृत

| नाम | योग्यता | अनुभव (वर्ष) |
|---|---|---|
| डॉ. पुनीता शर्मा | पीएच. डी. | 32 |
| डॉ. ऊर्वि अग्रवाल | पीएच. डी. | 31 |
| डॉ. कंवर सिंह | पीएच. डी. | 13 |
| डॉ. वेदनिधि | पीएच. डी. | 17 |
| डॉ. सुनीता अटल | पीएच. डी. | 6 |
| डॉ. रवि कुमार मीणा | पीएच. डी. | 4 |
| श्री एम. कृष्णकुमार | एम. फिल. | 3 |

## समाजशास्त्र

| नाम | योग्यता | अनुभव (वर्ष) |
|---|---|---|
| डॉ. अभिजीत कुंडु | पीएच. डी. | 31 |
| प्रो. नबानिपा भट्टाचार्या | पीएच. डी. | 22 |
| डॉ. पद्मा प्रियदर्शिनी | पीएच. डी. | 16 |
| डॉ. सतीश पेरुमला | स्नातकोत्तर | 1.5 |
| डॉ. उर्मि भट्टाचार्य | पीएच. डी. | 8 |
| डॉ. निहारिका जैसवाल | पीएच. डी. | 4 |



## सांख्यिकी

| नाम | योग्यता | अनुभव (वर्ष) |
|---|---|---|
| प्रो. वीणा बुधराजा | पीएच. डी. | 31 |
| प्रो. मुक्ति कान्त शुक्ला | पीएच. डी. | 23 |
| डॉ. रमेश कुमार | पीएच. डी. | 6 |
| डॉ. कल्पना यादव | पीएच. डी. | 5 |
| डॉ. दीपिका | पीएच. डी. | 6 |
| डॉ. नगेंद्र कुमार कलापरती | पीएच. डी. | 6 |
| डॉ. मंडलीका सुब्रमण्य रवि कुमार | पीएच. डी. | 9 |
| डॉ. चेतन | पीएच. डी. | 4 |
| डॉ. आलोक कुमार सिंह | पीएच. डी. | 6 |
| डॉ. तनुजा श्रीवास्तव | पीएच. डी. | 3 |

## तमिल व तेलुगु

| नाम | योग्यता | अनुभव (वर्ष) |
|---|---|---|
| प्रो. एस. श्रीनिवासन | पीएच. डी. | 31 |
| डॉ. सतीश टी. | पीएच. डी. | 1.5 |
| डॉ. दत्तायु एत्तम | पीएच. डी. | 7 |

## प्राणी-विज्ञान

| नाम | योग्यता | अनुभव (वर्ष) |
|---|---|---|
| प्रो. अनीता वर्मा | पीएच. डी. | 28 |
| प्रो. वर्तिका माथुर | पीएच. डी. | 17 |
| प्रो. ओम प्रकाश | पीएच. डी. | 17 |
| डॉ. राजेंद्र फरत्याल | पीएच. डी. | 15 |
| डॉ. पी. जयराज | पीएच. डी. | 11 |
| श्री सी. श्रीनिवास रेड्डी | स्नातकोत्तर | 1.5 |
| डॉ. अमरजीत सिंह | पीएच. डी. | 3 |
| डॉ. सुकृत सिन्हा | पीएच. डी. | 6 |
| डॉ. ऋचा मिश्रा | पीएच. डी. | 6 |
| डॉ. आनंदा राव रवुला | पीएच. डी. | 1.5 |
| डॉ. सुमित राज | पीएच. डी. | 4 |
| डॉ. ओबइयाह जमकला | पीएच. डी. | 9 |
| डॉ. नमिता नय्यर | पीएच. डी. | 6 |
| डॉ. मोहिता भगत | पीएच. डी. | 4 |
| डॉ. प्रिया सिंह | पीएच. डी. | 4 |
| डॉ. अंजलि एस. नवाणी | पीएच. डी. | 5 |
| डॉ. प्रीति खंडेलवाल | पीएच. डी. | 6 |

# हमारी सुविधाएं



## इनक्यूबेशन एंड रिसर्च सेंटर

कॉलेज में अनुसंधान-उन्मुख पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए दुर्गाबाई देशमुख खंड में इनक्यूबेशन एंड रिसर्च सेंटर (I&RC) की स्थापना की गई है। I&RC जून 2023 में प्रारम्भ हो गया था, जो संकाय सदस्यों के लिए निम्नलिखित सुविधाएं प्रदान करता है :

- हाई-स्पीड इंटरनेट के साथ डेस्कटॉप कंप्यूटर और बड़े आकार के मॉनिटर से सुसज्जित 18 वर्कस्टेशन
- डीयू ऑनलाइन लाइब्रेरी तक पहुंच (जर्नल्स और ई-पुस्तकें नि:शुल्क प्राप्त की जा सकती हैं)
- एमएस ऑफिस 365.



## दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं

श्री वेंकटेश्वर कॉलेज समावेशिता और विविधता में विश्वास करता है। हमारा कॉलेज दिव्यांग अनुकूल परिसर है। विशेष आवश्यकताओं के अनुरूप, कॉलेज ने रैंप, रेल और विशेष शौचालय बनाए हैं। ये सुविधाएं इन छात्रों को परिवेश के साथ सहज बनाती हैं और उन्हें अच्छा प्रदर्शन करने में मदद करती हैं। कॉलेज द्वारा उनके कल्याण और प्रदर्शन का अच्छी तरह से ध्यान रखा जाता है।

## चिकित्सा कक्ष एवं परामर्श

अपने छात्रों और कर्मचारियों की भलाई सुनिश्चित करना हमेशा हमारी प्राथमिकता रही है। कॉलेज में चिकित्सा आपात स्थिति की देखभाल के लिए हमारे पास एक चिकित्सक एवं एक प्रशिक्षित नर्स के साथ एक चिकित्सा कक्ष है। चूंकि मानसिक स्वास्थ्य समग्र कल्याण का समान रूप से एक महत्वपूर्ण पहलू है, इसलिए हमारे पास एक कॉलेज परामर्शदाता है जो सभी छात्रों और शिक्षकों के लिए व्यक्तिगत सत्र के निमित्त उपलब्ध है।

## बैंकिंग सुविधा

यूनियन बैंक की साउथ कैंपस शाखा एक कार्यशील एटीएम के साथ कॉलेज परिसर के भीतर स्थित है।

## फोटोकॉपी, प्रिंटिंग और स्टेशनरी

फोटोकॉपी, स्कैनिंग और प्रिंटिंग सेवाएँ भुगतान पर परिसर में उपलब्ध हैं।





## बायोइन्फोर्मेटिक्स सेंटर

इस केंद्र की स्थापना वर्ष 2006 में जैव प्रौद्योगिकी सूचना प्रणाली (बीटीआईएसनेट) कार्यक्रम के तहत जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) से प्रारंभिक वित्त पोषण के साथ, बायोइन्फोर्मेटिक्स के माध्यम से जीव विज्ञान शिक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। यह स्नातक स्तर पर छात्रों के लाभ के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय में स्थापित पहला जैव सूचना विज्ञान केंद्र है। बीआईसी कॉलेज के विभिन्न विभागों के स्नातक छात्रों, अनुसंधान विद्वानों और शिक्षण स्टाफ सदस्यों की कम्प्यूटेशनल और जैव सूचना विज्ञान आवश्यकताओं को पूरा करता है। पूरे भारत में कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्रों को अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित किए जाते हैं।




## आईसीटी सुविधा

श्री वेंकटेश्वर कॉलेज में पूरे परिसर और छात्रावास में वाई-फाई सुविधा है, जिसमें वाई- फाई सुरक्षा और नेटवर्क सुरक्षा के लिए एक सक्रिय डायरेक्टरी डोमेन स्थापित है। प्रत्येक छात्र, संकाय सदस्य और कर्मचारी को विशिष्ट आईडी प्रदान की जाती है। कॉलेज में 80 कम्प्यूटरों वाली इंटरनेट संसाधन प्रयोगशाला और 130 कम्प्यूटरों वाली तीन अन्य प्रयोगशालाएँ हैं। संकाय और छात्रों को आवश्यकता अनुसार लैपटॉप भी दिए जाते हैं। निर्बाध इंटरनेट कनेक्टिविटी और प्रोजेक्टर से सुसज्जित कक्षाएँ अध्ययन-अध्यापन को आकर्षक और प्रभावी बनाती हैं, जिससे कक्षाएँ वैचारिक चर्चा और ज्ञान को आत्मसात करने के लिए समृद्ध स्थान बन जाती हैं।

## कॉफ़ी हाउस

यह सभी छात्र गतिविधियों और चर्चाओं का केंद्र है। कई स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक स्नैक्स उपलब्ध हैं, जहां छात्र अक्सर कहते हैं कि कोई वेंकी छात्र नहीं है जब तक कि उसने 'मसाला डोसा' और 'उत्थपम' न खाया हो।

कैंटीन सभी पाठ्येतर गतिविधियों के लिए हॉटस्पॉट है, साथ ही बौद्धिक बहस और मुक्त-उत्साही बातचीत के लिए भी जगह है।

कॉलेज में एक स्नैक स्टेशन भी है, जिसे उपयुक्त नाम 'मैगी प्वाइंट' दिया गया है। यह स्थान नूडल्स, सैंडविच और कॉफी जैसे हल्के जलपान प्रदान करता है। कक्षाओं के बीच के समय में कुछ न कुछ खाने के लिए स्नैक बार शिक्षकों और छात्रों दोनों का बहुत पसंदीदा है।







# पुस्तकालय

श्री वेंकटेश्वर कॉलेज पुस्तकालय अधिगम एवं ज्ञानार्जन का एक जीवंत केंद्र है, जो अकादमिक उत्कृष्टता एवं ज्ञानार्जन की संस्कृति को विकसित करने और हमारे छात्र व संकाय के बीच आजीवन कुछ नया सीखने की वृति को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। पिछले शैक्षणिक वर्ष में, यह हमारे छात्र और संकाय सदस्यों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विकसित और अनुकूलित होता रहा है।
पुस्तकालय का हाल ही में नवीनीकरण किया गया है और बेहतर पठन-पाठन के अनुभव के लिए इसे पूरी तरह से नया रूप दिया गया है। एसवीसी पुस्तकालय ने एक समावेशी वातावरण विकसित किया है, जो यह सुनिश्चित करता है कि सभी हितधारक अपनी क्षमताओं के अनुरूप पुस्तकालय के संसाधनों का समुचित लाभ उठा सकें। विशिष्ट वाचनालय, ब्रेल पुस्तकें, ब्रेल स्लेट और लेखनी, दिल्ली विश्वविद्यालय पुस्तकालय प्रणाली (DULS) की ई-पुस्तकों की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।






## परिसंचरण पटल

## पत्र-पत्रिका अनुभाग





## वाचनालय

## दिव्यांगजन कक्ष




इसके संग्रह में उल्लेखनीय रूप से विस्तार हुआ है। अब इसमें 1,07,910 से अधिक पुस्तकें हैं, 23 शोध-ग्रन्थों , 31 पत्रिकाओं, 14 समाचार पत्रों की सदस्यता ली गई है और एक विशाल डिजिटल भंडार तक भी इसकी पहुंच है। संदर्भ- ग्रन्थों और पत्रिकाओं के लिए समर्पित अलग-अलग अनुभाग हैं। यह वृद्धि विभिन्न विषयों में सुविचारित अधिग्रहणों के फलस्वरूप हुई है, जिससे यह सुनिश्चित हो सका है कि सभी विभागों के शिक्षार्थियों को नवीनतम संसाधनों का लाभ मिल सके।








27 अप्रैल, 2024 को श्री वेंकटेश्वर कॉलेज, दिल्ली में आयोजित "अकादमिक पुस्तकालयों के लिए डिजिटल परिवर्तन" विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में पुस्तकालयों में डिजिटल परिवर्तन, डेटा सुरक्षा और पुस्तकालयों में नवीन प्रचलनों पर चर्चा करने के लिए विश्व भर से आए विशेषज्ञों ने भाग लिया। आईसीएसएसआर द्वारा समर्थित, इस कार्यक्रम में बीज वक्तव्य, तकनीकी सत्र और नेटवर्किंग के अवसर शामिल थे, जिससे 150 से अधिक प्रतिभागी लाभान्वित हुए और उन्होंने अपने ज्ञान को एक दूसरे के साथ साझा किया।

दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री वेंकटेश्वर कॉलेज ने 7 नवंबर, 2023 को एक पुस्तक प्रदर्शनी आयोजित की, जिसका उद्देश्य पठन-पाठन की आदत को विकसित करना और पुस्तकालय के संग्रह को बढ़ाना था। डॉ. एस. कृष्णकुमार द्वारा इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया, जिसमें पुस्तक विक्रेताओं ने पुस्तकों के नवीनतम संस्करण प्रदर्शित किए, जिससे छात्रों और शिक्षकों सहित 200 से अधिक उपस्थित लोग लाभान्वित हुए, जिन्होंने किताबें खरीदीं और उनका मूल्यांकन किया। प्रदर्शनी ने पठन-पाठन और अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के अपने लक्ष्य में सफल रही।

# अकादमिक जगत से इतर

## समग्र अधिगम

ये विविध कार्यक्रम और गतिविधियाँ एक जीवंत और बौद्धिक रूप से प्रेरक वातावरण के निर्माण की दिशा में कॉलेज की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। प्रसिद्ध शिक्षाविदों के व्याख्यान छात्रों को अपने संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ साक्षात चर्चा का मूल्यवान अवसर प्रदान करते हैं, जिससे उन्हें विषयों को गहनतापूर्वक समझने और अपनी पाठ्यपुस्तकों के दायरे से बाहर निकलकर एक व्यापक अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का भी अवसर प्राप्त होता है। इन सत्रों के दौरान होने वाले विचारों और दृष्टिकोण के आदान-प्रदान से छात्रों की समझ का विस्तार होता है और और एक आलोचनात्मक चिंतन की पद्धति विकसित होती है।

प्रदर्शनियाँ छात्रों को अपनी रचनात्मक प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच के रूप में काम करती हैं, जिससे कलात्मक पर्यवेक्षण और मूल्यावधारण का परिवेश विकसित होता है। कार्यशालाएँ, सेमिनार और संगोष्ठियाँ छात्रों को नए कौशल विकसित करने, अपने ज्ञान-क्षेत्र का विस्तार करने और विविध क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ जुड़ने के लिए मंच प्रदान करती हैं। ये संवादात्मक सत्र छात्रों को व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्राप्त करने, विशेषज्ञों से सीखने और समान दृष्टि वाले व्यक्तियों के साथ नेटवर्क बनाने में सक्षम बनाते हैं।

शैक्षणिक यात्राएँ छात्रों को कक्षा से बाहर के जगत को समझने और अपनी ज्ञान के वास्तविक दुनिया में अनुप्रयोग का अवसर प्रदान करती हैं। साहित्यिक उत्सव और युवा सम्मेलन वाणी और विचारों की शक्ति के उत्सव हैं, जो छात्रों, लेखकों, कवियों और बुद्धिजीवियों को चर्चा, वाचन और प्रदर्शन के लिए एक साथ मंच प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, कॉलेज द्वारा TEDx टाक्स की मेजबानी से छात्रों को विविध क्षेत्रों के वक्ताओं के प्रेरक और उत्सहपूर्ण विचारों से अवगत होने का अवसर प्राप्त होता है।

कार्यक्रमों और गतिविधियों की ऐसी समृद्ध श्रृंखला का आयोजन करके, कॉलेज एक समावेशी और प्रेरक वातावरण का निर्माण करता है जो छात्रों को अपने प्रिय विषय या शौक का पता लगाने, अपने क्षितिज का विस्तार करने और समाज में योगदान करने के लिए तैयार व्यक्तियों के रूप में विकसित होने के लिए प्रोत्साहित करता है।

## पूर्व-छात्र संघ

पूर्व-छात्र संघ का उद्देश्य कॉलेज के पूर्व छात्रों को एक-दूसरे के साथ जोड़ना है। पूर्व-छात्र संघ ऐसी बैठकें आयोजित करता है जो पूर्व छात्रों और संकाय के साथ वर्तमान छात्रों के लिए एक उत्साहपूर्ण संवाद-स्थल के रूप में परिणत हो जाती हैं। पूर्व छात्र संघ वित्तीय तथा/अथवा अन्य सहयोगी सेवाओं के माध्यम से संस्थान के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है।



**श्री कैलाश गहलोत,**
**परिवहन एवं पर्यावरण मंत्री,**
**पूर्व छात्र**





## कॉलेज पत्रिका 'नीरजना'

कॉलेज पत्रिका –'नीराजना' वार्षिक रूप से प्रकाशित होती है। यह छात्रों के साहित्यिक और रचनात्मक कौशल को निम्नलिखित भाषाओं में प्रदर्शित करती है :

- अंग्रेजी
- हिंदी
- संस्कृत
- तेलुगु
- तमिल।

## राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सहयोग

श्री वेंकटेश्वर कॉलेज का मानना है कि ज्ञान साझा करने से समाज का समग्र रूप से विकास हो पाता है। इस विश्वास के साथ, कॉलेज ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली और भारत में नॉर्डिक सेंटर के साथ पहले से मौजूद समझौता ज्ञापनों के अलावा चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ उज्बेकिस्तान, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी, दिल्ली, नेशनल प्रोडक्टिविटी काउंसिल, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय और के.जे. सोमैया कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स, मुंबई के साथ कुछ नए समझौता ज्ञापन प्रतिपादित किए हैं।

## विभाग संघ

विभाग में शामिल होने वाला प्रत्येक छात्र सहज रूप से उस एसोसिएशन का सदस्य बन जाता है। उदाहरण के लिए, कोई भी बी.ए. (ऑनर्स) अंग्रेजी में प्रवेश ले रहा है तो वह सहज-स्वाभाविक रूप से इंग्लिश लिटरेरी एसोसिएशन का सदस्य बन जाता है।



# छात्रावास जीवन @ एसवीसी

- वार्षिक खेल प्रतियोगिता
- छात्रावास वार्षिकी संकलन
- हॉस्टल नाइट फ्रेशर्स और फेयरवेल पार्टी
- बाहरी यात्राएं एवं पर्यटन




# छात्रावास

हमारा छात्रावास 2009 में स्थापित किया गया था और इसके दो अलग-अलग खंड हैं :
लड़कों के लिए श्री बालाजी छात्रावास
लड़कियों के लिए श्री पद्मावती छात्रावास

छात्रावास के प्रत्येक कमरे में दो लोगो के ठहरने की व्यवस्था है। दोनों छात्रावासों में एक वाचनालय, एक टेबल टेनिस कक्ष और एक मनोरंजक कॉमन रूम भी है। कॉलेज के पूर्णकालिक दिल्ली व एन सी आर से बाहर के स्नातक छात्रों के लिए परिसर में आवासीय सुविधा उपलब्ध है। एनसीआर-दिल्ली, गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा, फरीदाबाद, गुरुग्राम आदि जैसे निकटवर्ती क्षेत्रों के छात्र छात्रावास में आवास के लिए पात्र नहीं हैं।

छात्रावास में प्रवेश चाहने वाले छात्रों को कॉलेज की वेबसाइट पर उपलब्ध छात्रावास प्रवेश फॉर्म भरना होगा। छात्रावास परिसर के जीवन को जीवंत बनाता है। छात्रावासों में कई त्योहार और कार्यक्रम मनाए जाते हैं जैसे दिवाली, होली, स्वतंत्रता दिवस आदि। छात्रावासों के भीतर नियमित आधार पर कई खेल और पाठ्येतर गतिविधियाँ भी आयोजित की जाती हैं।










झारखंड के एक छोटे से शहर से आने के बाद, दिल्ली शुरू में भारी लग रही थी, जब तक कि मुझे एसवीसी हॉस्टल में शांति नहीं मिली। यह एक आश्रय स्थल बन गया, जो पूरे भारत और विदेश के लोगों को एक साथ लाया, तीन अद्भुत वर्षों में एक प्रिय परिवार का निर्माण किया। भावनात्मक वार्डन, सहायक वरिष्ठ, प्रेरणादायक बैचमेट्स, शानदार जूनियर्स और देखभाल करने वाले हॉस्टल स्टाफ ने सुनिश्चित किया कि मुझे कभी भी घर की याद न आए। हॉस्टल जीवन की पाबंदियों के बावजूद, हमने एक अनोखी दुनिया बनाई, त्योहारों का जश्न मनाया, खेल खेले, पढ़ाई की और एक साथ सीखा, जिससे जीवन भर के रिश्ते बने।
वार्षिक खेल मिलन जैसे आयोजन सहयोग और सौहार्द का उदाहरण थे। फ्रेशर्स पार्टी, हॉस्टल नाइट और भावपूर्ण विदाई जैसे यादगार उत्सव, जिन्हें "रिमिनिसेंस" वार्षिक पुस्तिका में संजोया गया था। हमारे समर्पित वार्डन हमारा पूरा सहयोग करते थे। हालांकि मुझे अंत में कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, किन्तु वे भी यात्रा का हिस्सा थीं।
कुल मिलाकर, मेरे तीन साल का अनुभव उत्सहपूर्ण अवसरों और अनमोल यादों से भरा था। छात्रावास के अनुभव ने मुझे बदल दिया, और मैं गर्व से बहुत सारी प्रिय यादों के साथ यहां से जा रहा हूं, एक बेहतर व्यक्ति बनकर।

किसलय कुमार
बी.एससी. (ऑनर्स) इलेक्ट्रॉनिक्स
(तृतीय वर्ष)

"किसी ने ठीक ही कहा है, "छात्रावास वे जगहें हैं जहां कहानियाँ शुरू होती हैं' इसमें दोस्ती, प्यार, दुश्मनी, सफलता, असफलता और भी बहुत कुछ की कहानियाँ शामिल हो सकती है। छात्रावास की मेरी कहानी दोस्ती, प्यार और सफलता का मिश्रण है। मेरे लिए छात्रावास एक ऐसी जगह है जहां मैंने जीवन जीने की कला सीखी। जीवित रहने के कौशल, करुणा, स्नेह, उदारता, अनुकूलनशीलता, समझौता करने और खुद को अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकलने के गुर भी सीखे।
छात्रावास न केवल रहने के लिए आवास प्रदान करता है, बल्कि इसने मुझे सांस्कृतिक सचिव के रूप में एक नई पहचान प्रदान करके मेरे व्यक्तित्व को फलने-फूलने का अवसर भी दिया है। इस भूमिका ने नेतृत्व, इवेंट प्रबंधन, बातचीत और कई अन्य क्षेत्रों में मेरे कौशल को पोषित किया जिससे मुझे लंबे समय में लाभ होगा। हमारा छात्रावास विभिन्न त्योहारों, खेल आयोजनों, कार्यशालाओं और स्वच्छता अभियानों का आयोजन करता है, जो जिम्मेदारी, समावेशिता, टीम वर्क, एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धी भावना, आनंद और ऐसे ही बहुत से भावों को पैदा करता है। छात्रावास वास्तव में 'घर से दूर एक दूसरा घर ' बन जाता है, जहां दोस्त भोजन साझा करके, देर रात तक पढ़ाई, गपशप, सहयोग और कभी-कभी एक-दूसरे के साथ झगड़कर हमारा परिवार बन जाते हैं और अविस्मरणीय यादें बनाते हैं जो जीवन भर मानस-पटल पर बनी रहती हैं। अंत में, छात्रावास एक ऐसी जगह है जहां कहानी शुरू होती है, और मैं भाग्यशाली हूं कि मैंने अपने जीवन का यह सुनहरा अध्याय अपनी कलम से लिखा है।

आयुषी राज
बी.ए. (ऑनर्स) राजनीति विज्ञान
(द्वितीय वर्ष)

मुझे बहुत प्रसन्नता है कि मैं इस छात्रावास का हिस्सा हूं और अब मुझे अपने अनुभव के बारे में लिखने का अवसर मिला है। इस छात्रावास ने मुझे परिवार जैसे दोस्त दिये। शुरुआत में, जब मैं छात्रावास में आई तो बहुत चिंतित थी , लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया यह मेरे जीवन की सबसे अच्छी जगह बन गई। बहुत सारी यादें बनती हैं और हर याद का अपना महत्व होता है। देर रात की बातें, कभी-कभी मजेदार गपशप, कभी-कभी लड़ना, इन सभी चीजों ने मेरे जीवन को खुशियों से भर दिया। बहुत सारे दोस्त और बहुत सारी यादें। मैं यहाँ रहते हुए धन्य महसूस कर रही हूं।
जीवन का यह हिस्सा, जहां मैं अपना तीसरा वर्ष पास कर रही हूं और उन्हें अलविदा कह रही हूं, सबसे कठिन हिस्सा है। मैं उन सबके लिए शुभकामनाएं देती हूं। अंत में, मैं कहना चाहती हूं कि यह मेरे जीवन का सबसे खूबसूरत हिस्सा था।

चेष्टा शर्मा
बी.एससी.(ऑनर्स) इलेक्ट्रॉनिक्स
(तृतीय वर्ष)

# शोध @ एसवीसी

श्री वेंकटेश्वर कॉलेज शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध है। कॉलेज में ऊर्जा एवं उत्साह से परिपूर्ण एक जीवंत संकाय निकाय है, जो विविध विषयों में विभिन्न अनुसंधान प्रयासों में सक्रिय रूप से संलग्न है। श्री वेंकटेश्वर कॉलेज के संकाय सदस्य ज्ञान को विकसित करने, नवाचार को बढ़ावा देने और अध्ययन के अपने संबंधित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए समर्पित हैं।

**हम विभिन्न विषयों में कई शोध परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं जो डीबीटी, डीएसटी और एसईआरबी जैसी सरकारी फंडिंग एजेंसियों द्वारा वित्त पोषित हैं। कॉलेज ने विज्ञान और सार्वजनिक स्वास्थ्य में वैश्विक चुनौतियों का सामना करने तथा साथ ही सांस्कृतिक संरक्षण के लिए प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और संस्थानों के कई अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान समूहों तथा साथ ही सरकारी एजेंसियों के साथ मिल-जुलकर सहकार्य किया है।**



## राष्ट्रीय सहकार्य :

- भारत में नॉर्डिक केंद्र
- एम्स, नई दिल्ली
- इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड, नई दिल्ली
- राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद, डीपीआईआईटी, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार
- के.जे. सोमैया कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स, मुंबई
- पी.ई.एस. मॉडर्न कॉलेज ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स, पुणे, भारत
- ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, हरियाणा
- एचएफएम रूफ टॉप एनर्जी प्रा. लिमिटेड (सौर पैनल)
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी, नई दिल्ली
- आईसीसीटी अकादमी
- श्रीराम इंस्टीट्यूट फॉर इंडस्ट्रियल रिसर्च, नई दिल्ली
- इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर मेडिसिन एंड अलाइड साइंसेज (आईएनएमएएस), दिल्ली

## अंतरराष्ट्रीय सहकार्य :

- मार्टिन लूथर विश्वविद्यालय, हाले-विटनबर्ग, जर्मनी
- चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज प्राग, चेक गणराज्य
- विज्ञान अकादमी, उज़्बेकिस्तान का बायोऑर्गेनिक रसायन विज्ञान संस्थान
- कृषि संकाय फिरदौसी मशहद विश्वविद्यालय, ईरान
- बर्गोस विश्वविद्यालय, स्पेन
- बेब्स बोल्याई विश्वविद्यालय, क्लुजनोपाका, रोमानिया




# श्री-विप्रा

जिज्ञासा जगाने और अनुसंधान में करियर के लिए स्नातक छात्रों को प्रेरित करने के लिए, श्री-विप्रा (शिक्षा में अनुसंधान के लिए श्री वेंकटेश्वर इंटर्नशिप प्रोग्राम) छात्रों को उनकी रुचि के एक विशेष अनुशासन में छोटी अनुसंधान परियोजनाओं को डिजाइन और निष्पादित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस इंटर्नशिप कार्यक्रम में, मार्गदर्शकों की देखरेख में, वे प्रयोग, विश्लेषण, परिकल्पना परीक्षण, डेटा एनालिसिस और तार्किक निष्कर्ष की प्रक्रियाओं के संदर्भ में अनुसंधान करना सीखते हैं। वे यह भी सीखते हैं कि कैसे मूल्यांकन करें, आंकड़ों को विश्लेषित व व्यवस्थित करें, एक गुणवत्तापूर्ण शोध लेख लिखें और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में अपने शोध को प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त करें। 'श्री-विप्रा' अंतरविषयक सहयोग को भी प्रोत्साहित करता है।

**अनुसंधान इंटर्नशिप कार्यक्रम हमारे संकाय सदस्यों द्वारा संचालित किए जाते हैं और इन्हें ऑनलाइन व ऑफलाइन, दोनों माध्यमों से निष्पादित किया जाता है।**

*श्री वेंकटेश्वर इंटर्नशिप प्रोग्राम इन रिसर्च एंड एकेडेमिक्स*








# वेंक्वेस्ट

श्री वेंकटेश्वर कॉलेज की शोध परिषद ने 'वेंक्वेस्ट: द जेनेसिस' नामक वार्षिक पत्रिका का पहला संस्करण जारी किया। यह पत्रिका विभिन्न विषयों के संकाय सदस्यों द्वारा किए गए विशाल शोध कार्यों का संकलन है। इसमें प्रदर्शित शोध के विविध क्षेत्र सैद्धांतिक और व्यावहारिक वैज्ञानिक अवधारणाओं जैसे नैनोटेक्नोलॉजी, बायोइन्फॉर्मेटिक्स, गणितीय मॉडलिंग, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन, कैंसर और सार्वजनिक स्वास्थ्य आदि से संबंधित हैं। संकाय सदस्यों द्वारा किए गए शोध और शैक्षणिक कार्य समावेशिता की भावना के साथ-साथ कॉलेज में आउट ऑफ बॉक्स सोच के पारिस्थितिकी तंत्र का प्रमाण हैं। श्री वेंकटेश्वर कॉलेज में शोध प्रयोगशालाओं और पुस्तकालय तक ही सीमित नहीं है, बल्कि समाज तक भी इसकी व्यापकता है।




**63** अनुसंधान इंटर्नशिप परियोजनाएं

**369** 14 विभिन्न विषयों में प्रशिक्षित छात्रों की संख्या

# ललित कला संघ (FAA)






देश में शैक्षणिक रूप से सबसे प्रेरक वातावरण प्रदान करने के अलावा, एसवीसी अपने छात्रों को एक समृद्ध सांस्कृतिक दृष्टि से अभिव्यक्ति के अवसर भी प्रदान करता है, जिससे उन्हें अपनी प्रतिभा व कौशल का अन्वेषण करने  और विविध अवसरों का सर्वोत्तम उपयोग करने में मदद मिलती है।

**संस्कृति से मूल रूप से जुड़े हुए और विविध प्रतिभाओं की प्रतीक, श्री वेंकटेश्वर कॉलेज की ललित कला समितियाँ कई क्षेत्रों में सक्रिय हैं। ललित कला संघ पूरे वर्ष प्रतिस्पर्धी और गैर-प्रतिस्पर्धी गतिविधियों का आयोजन करता है जिसमे सभी समितियां भाग लेती हैं।**






















# नृत्य का सौन्दर्य




# वर्व




संगीत को अपनी रगों में रक्त की तरह बहने दें। नृत्य सिर्फ गतिशीलता नहीं बल्कि शरीर की एक कला है।



# नृत्यांगना





भारतीय शास्त्रीय और लोक नृत्य रूपों के मूल तत्व को ग्रहण करते हुए, श्री वेंकटेश्वर कॉलेज की नृत्य समितियों, 'नृत्य' और 'नृत्यांगना' ने दिल्ली विश्वविद्यालय नृत्य जगत में एक विशेष छाप छोड़ी है। वेस्टर्न और स्ट्रीट डांस सोसाइटी – 'वर्व' डांस क्रू साल-दर-साल शानदार प्रदर्शन करती रही है।

# आलाप



आलाप - श्री वेंकटेश्वर कॉलेज की भारतीय संगीत सोसायटी, एक प्रसिद्ध सोसायटी है जो अपने भावपूर्ण राग-आधारित शास्त्रीय संगीत के लिए विख्यात है। वे अपने मंत्रमुग्ध करने वाले प्रदर्शन से दर्शकों को मोहित करते हुए, अंतर-कॉलेज प्रतियोगिताओं में लगातार विजयी हुए हैं। प्रत्येक तान के साथ, आलाप श्रोताओं को एक मधुर यात्रा पर ले जाती है, जो भावनाओं को जागृत करती है, सीमाओं के दायरों को तोड़ती है और संगीत के माध्यम से दिलों को जोड़ती है।






'क्रेसेंडो' श्री वेंकटेश्वर कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय की पश्चिमी संगीत सोसायटी है। यह बहुमुखी संगीतकारों का एक समूह है जो संगीत के विभिन्न आयामों में प्रयोग करने के आकांक्षी हैं। अकापेल्ला से लेकर बैंड तक, संगीत और प्रतिभा तथा प्रदर्शन के प्रति रुझान रखने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए यह उपयुक्त स्थान है।

# क्रेसेंडो







**विमर्श:** हिंदी वाद-विवाद समिति, श्री वेंकटेश्वर महाविद्यालय की अत्यंत सक्रिय समितियों में से एक है जिसकी गूंज न केवल श्री वेंकटेश्वर महाविद्यालय में बल्कि पूरे दिल्ली विश्वविद्यालय में सुनाई देती है। यह समिति संपूर्ण महाविद्यालय के सभी वर्ष के विद्यार्थियों को उनके तर्क-वितर्क संबंधी कौशल को निखारने व वाद विवाद को सीखने-सिखाने के विभिन्न सुनहरे अवसर प्रदान करती है। विमर्श ने सम्पूर्ण विश्वविद्यालय में अद्यतन और प्रभावी विचार-विमर्श की एक मान्यता प्राप्त की है ।





# विमर्श

# पेट्रीकोर







'पेट्रीकोर' श्री वेंकटेश्वर कॉलेज की रचनात्मक लेखन सोसाइटी है। यह लेखन और प्रदर्शन सत्रों का आयोजन करती  है जो ज्ञानवर्धक भावोत्तेजनाओं, व्यापक विचारों और जीवन पर हल्के-फुल्के प्रतिबिंब के आकस्मिक क्षणों की सच्ची भावना और सार को एक साथ प्रस्तुत करती है।



# कोंक्विज़टेडर्स

श्री वेंकटेश्वर कॉलेज की क्विज़ सोसायटी, कोंक्विज़टेडर्स, कॉलेज के कुछ सबसे प्रतिभाशाली छात्रों को एक साथ लाती है, उन्हें उनकी विविध रुचियों और दुनिया के बारे में और अधिक जानने की उनकी अथक इच्छा के माध्यम से एकजुट करती है। उन्होंने राजनीति और इतिहास से लेकर संगीत, साहित्य और कला तक विविध क्षेत्रों के कई क्विज़ आयोजित किए हैं, जिनमें 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया है।








वर्बम छात्रों के बीच थिएटर के प्रति जुनून पैदा करने और उन्हें मंच के पीछे काम करने, सेट डिजाइन करने, लेखन, निर्देशन या अभिनय के माध्यम से खुद को अभिव्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान करने की दिशा में काम करती है। वर्बम ने स्वयं को देश भर में अग्रणी स्टेज प्ले सोसायटी के रूप में स्थापित किया है।

# वर्बम

# लिओन्सी





# अनुभूति



**कला शब्दों से परे की भाषा बोलती है, हमारी कल्पना की गहराइयों को खोलती है और हमारी आत्मा की भावनाओं को उद्वेलित करती है।**




# एफ़फल्जेंस

फिल्म निर्माण

फोटोग्राफी





लिओन्सी, कला सोसायटी अपने ब्रश से जादू पैदा करने के लिए जानी जाती है। इसके सदस्य स्केचिंग, पेंटिंग और इस प्रकार की चित्रकला की अन्य विधाओं में विशेषज्ञता रखते हैं। एफ़फल्जेंस ने कॉलेज सर्किट में एक ऐसी सोसायटी के रूप में अपनी पहचान बनाई है जो ढेर सारे सम्मान लेकर आती हैं। अनुभूति प्रतिवर्ष अपनी सहज कलात्मक प्रवृत्ति के साथ एक नई छाप छोड़ती है और जीवन के सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र में बदलाव लाने का आह्वान करती है।


## श्री वेंकटेश्वर कॉलेज

# नेक्सस

## वार्षिक उत्सव

"एसवीसी, नेक्सस का सांस्कृतिक उत्सव, कॉलेज का एक बहुप्रतीक्षित वार्षिक समारोह है। यह ललित कला संघ और निर्वाचित छात्र संघ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाता है। तीन दिनों तक चलने वाला यह उत्सव, देश भर से छात्रों का स्वागत करता है और एक रोमांचक अनुभव प्रदान करता है।







एसवीसी का बहुप्रतीक्षित सांस्कृतिक उत्सव – 'नेक्सस', कॉलेज के कार्यक्रमों में उत्साह और कलात्मक अभिव्यक्ति का प्रतीक बन गया है। एक वार्षिक कार्यक्रम के रूप में, नेक्सस सभी लोगों के लिए एक यादगार अनुभव बनाने के लिए एक सहयोगात्मक प्रयास में ललित कला संघ और निर्वाचित छात्र संघ को एक साथ लाता है।



प्रतिभा, रचनात्मकता और उत्साह के सम्मिलन को देखने के लिए उत्सुक विविधतायुक्त युवाओं को आकर्षित करते हुए, इसने एक ऐसे कार्यक्रम के रूप में ख्याति प्राप्त की है, जिसमें सभी भाग लेना चाहते हैं। अपने जीवंत प्रदर्शन और आकर्षक प्रदर्शनियों के माध्यम से, नेक्सस एक रोमांचक अनुभव प्रदान करता है जो इसमें भाग लेने वाले सभी लोगों की यादों में बना रहता है।











# विकसित भारत@2047

"विकसित भारत@2047 : युवाओं की आवाज़" कार्यक्रम एक ऐसे राष्ट्र की कल्पना करता है जो आर्थिक समृद्धि, सामाजिक समानता और सतत प्रगति का साकार रूप हो। इस महत्वाकांक्षी भविष्य-काल में, भारत यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रत्येक नागरिक को देश की प्रगति से लाभ मिले, नवाचार, शिक्षा और समावेशी विकास के माध्यम से अपनी चुनौतियों का सामना कर रहा है । विकसित भारत की अवधारणा यह है कि जहां विविधता का उत्सव मनाया जाता है, और सद्भाव कायम रहता है, जिससे एक आदर्श समाज का निर्माण हो सके और जो वैश्विक मंच पर आशा और प्रेरणा की किरण के रूप में खड़ा हो। इस प्रयास के अनुरूप, हमारा कॉलेज युवाओं की ऊर्जा को उज्ज्वल भविष्य की ओर निर्देशित करने के लिए कई कार्यक्रम और कार्यशालाएँ आयोजित करता है।









# छात्र-संघ 2023-24

श्री वेंकटेश्वर कॉलेज छात्र संघ के माध्यम से अपने छात्रों को उनके नेतृत्व कौशल को निखारने के लिए एक मूल्यवान मंच प्रदान करता है। इस छात्र-संघ का नेतृत्व छह पदाधिकारियों द्वारा किया जाता है: अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और दो केंद्रीय पार्षद (सीसी)। ये पदाधिकारी गुप्त मतदान की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से नियुक्त किये जाते हैं, जिसमें कॉलेज के सभी विद्यार्थी भाग लेते हैं।

पूरे वर्ष, छात्र-संघ विद्यार्थियों के बीच सौहार्द और एकता को बढ़ावा देने के लिए व्याख्यान, शैक्षिक यात्राएं और सांस्कृतिक उत्सव जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करता है। इन आयोजनों में मुख्य आकर्षण का केंद्र वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव – 'नेक्सस' है।




'नेक्सस ' के अंतर्गत नृत्य, संगीत, नाटक और अन्य विधाओं में अंतर-कॉलेज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। उत्सव का समापन एक प्रसिद्ध रॉक-स्टार के प्रदर्शन के साथ होता है। 2023-24 शैक्षणिक सत्र में, प्रसिद्ध रॉक-स्टार मोहित चौहान ने NEXUS-2024 में अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए छात्र पदाधिकारी :

- अध्यक्ष : श्री अमन
- उपाध्यक्ष : श्री मोहित
- सचिव : श्री अभिलेख वर्मा
- संयुक्त सचिव : श्री प्रदीप मेहर
- केंद्रीय पार्षद : श्री अर्थ ओहलान
- केंद्रीय पार्षद : सुश्री नाइसा शर्मा

प्रो अनंत पांडे, स्टाफ सलाहकार (छात्र संघ)

# खेल @ एसवीसी

हमारा कॉलेज सभी छात्रों और शिक्षकों को पूरे वर्ष शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न खेल आयोजनों में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। कॉलेज में क्रिकेट के लिए उत्कृष्ट आउटडोर खेल सुविधाएं हैं। कई प्रतिष्ठित टीमें जैसे भारतीय महिला टीम, भारतीय रेलवे महिला टीम और वीरेंद्र सहवाग, आशीष नेहरा, शिखर धवन, युवराज सिंह, अजय जड़ेजा और हरभजन सिंह जैसे प्रसिद्ध क्रिकेटरों ने हमारे मैदान में अभ्यास किया है। हमारे पास लॉन टेनिस, बास्केटबॉल, फुटबॉल के लिए सुविधाएं और टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम आदि के लिए इनडोर सुविधाएं हैं। कॉलेज ने वर्ष 2019 में शुरू किए गए चार टेनिस कोर्ट और एक बास्केटबॉल कोर्ट कॉम्प्लेक्स के पूरा होने के साथ अपनी खेल सुविधाओं को बढ़ाया है।





## उपलब्धियां

•क्रिकेट (पुरुष) टीम ने बिट्स पिलानी *BOSM'23* में भाग लिया और प्रथम स्थान प्राप्त किया।
•क्रिकेट (पुरुष) टीम ने डीयू इंटर कॉलेज में भाग लिया और दूसरा स्थान हासिल किया।
•क्रिकेट (पुरुष) टीम ने आईआईटी कानपुर 'उद्घोष '23 में भाग लिया और चौथा स्थान प्राप्त किया।
•बैडमिंटन (पुरुष) टीम ने डीटीयू (आह्वान'23) में भाग लिया और पहला स्थान हासिल किया।
•फुटबॉल (पुरुष) टीम ने बिट्स पिलानी (*BOSM'23*) में भाग लिया और पहला स्थान हासिल किया







### हमारे छात्रों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया, कुछ उल्लेखनीय उल्लेख हैं:

क्रिकेट

- आयुष बडोनी (अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी) ने शिकार धवन की कप्तानी में बीसीसीआई द्वारा आयोजित सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेला।
- वैभव कांडपाल (अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी) ने शिकार धवन की कप्तानी में बीसीसीआई द्वारा आयोजित सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेला।

पैरालंपिक

- **नवदीप सिंह (अंतर्राष्ट्रीय पैरा एथलीट) ने जेवलिन थ्रो में पैरालंपिक टोक्यो 2021 के लिए क्वालीफाई किया।**

**श्री वेंकटेश्वर कॉलेज ने कई अर्जुन पुरस्कार विजेता दिये हैं**



**सचिका इंगले (विश्व चैंपियन, 2023 स्क्वैश)**

**शिल्पी सिंह (शूटिंग, 1997)**

**मानवजीत सिंह (शूटिंग, 1998)**

**तानिया सचदेव (शतरंज,2019)**

**अमित कृष्णन लूथरा (गोल्फ, 1996)**



# राष्ट्रीय कैडेट कोर

**एकता** **अनुशासन**

## प्रमुख गतिविधियां

- **कारगिल विजय दिवस: 26 जुलाई** , 2023 को एनसीसी कैडेट्स ने कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिसमें पुष्पांजलि और दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम शामिल थे।
- **गणतंत्र दिवस:** श्री वेंकटेश्वर कॉलेज ने 26 जनवरी 2024 के गणतंत्र दिवस समारोह में भव्य प्रदर्शन किया।
- **एनसीसी दिवस:** राष्ट्रीय कैडेट कोर दिवस पर प्राचार्य, ब्रिगेडियर अतुल्य बमजई, डीडीजी एनसीसी दिल्ली निदेशालय और लेफ्टिनेंट (डॉ.) कामेश्वर शर्मा को गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया और उन्होंने सांस्कृतिक प्रदर्शनों की सराहना की।
- **दान शिविर:** एनसीसी कैडेट्स ने रक्तदान शिविर और शीतकालीन दान शिविर में भी भाग लिया। एनसीसी कैडेट्स हमेशा सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए तैयार रहते हैं।
- **लड़कियों के एनसीसी (एसडब्ल्यू यूनिट) को प्रारम्भ किया जाना :** इसे साकार करने के लिए प्राधिकरण द्वारा समर्पित प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही, इच्छुक लड़कियों को विभिन्न कॉलेजों में मुक्त एनसीसी यूनिट्स में पंजीकरण के लिए प्रेरित और मार्गदर्शन दिया जा रहा है।
- **शौर्यम'24: उद्घाटन वार्षिक पत्रिका** मेजर जनरल संुजय पी. विश्वास राव एसएम**, अतिरिक्त निदेशक जनरल, दिल्ली निदेशालय को प्रस्तुत की जा रही है।





## राष्ट्रीय आयोजनों को सफलतापूर्वक सम्पन्न करना

एसवीसी एनसीसी इकाई सामाजिक कार्य, प्रशिक्षण गतिविधियों, सम्मेलनों, वार्षिक प्रशिक्षण शिविरों, राष्ट्रीय शिविरों आदि जैसी विभिन्न गतिविधियों में भाग लेती है। इस वर्ष, इकाई ने 7 डीबीएन, बटालियन मुख्यालय के साथ घनिष्ठ समन्वय में अपनी गतिविधियों का संचालन किया।

## शौर्यम '24 - वार्षिक उत्सव



## समग्र विकास

एसवीसी की एनसीसी इकाई 2020 से कॉलेज के लिए गौरव का स्रोत रही है। हमारे कैडेटों ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों में कड़ी मेहनत और समर्पण दिखाया है। इस अनुभव से उनका सर्वांगीण विकास हुआ है। **अब तक, तीन कैडेटों को क्लास-1 अधिकारी के रूप में चुना गया है और वे ओटीए, एनडीए और आईएनए जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रशिक्षण ले रहे हैं।**

# सामाजिक ज़िम्मेदारी

## राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस)

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) युवा व खेल मंत्रालय के अंतर्गत एक केंद्रीय सेवा योजना है। इस योजना का उद्देश्य 'सेवा के माध्यम से शिक्षा' को आत्मसात करते हुए युवाओं को समाज कल्याण की दिशा में सेवा के अवसर प्रदान करना है।

एनएसएस एसवीसी में हम समाज के विभिन्न वर्गों की जरूरतों और कठिनाइयों को समझते और पहचानते हैं तथा उनका मौलिक समाधान खोजने के लिए सामूहिक रूप से प्रयत्न करते हैं और ज्ञानप्रद सेमिनार, वितरण अभियान, डोनेशन शिविर, समय-समय पर सर्वेक्षण, स्वच्छता अभियान आदि के माध्यम से इन्हें क्रियारूप प्रदान करते हैं । पिछले वर्ष में ऐसे ही कुछ प्रयासों में कॉलेज में रक्त दान शिविर आयोजित करना, यमुना किनारे स्वच्छता अभियान में भाग लेना, कहानी कला का सत्र, अनाथालय मैं जाना तथा संवादात्मक शैली में स्कूली शिक्षा के पूरक के रूप में 'मस्ती की पाठशाला' जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। इसके अलावा हमारे वार्षिक कार्यक्रमों में 'रंग बदलाव के', जिसके अंतर्गत एन एस एस सदस्यों ने कुछ विद्यालयों को रंगा, आशा महा वितरण अभियान, जिसके अंतर्गत 300 से अधिक लोगों को दैनंदिन उपयोग की ज़रूरी वस्तुएँ वितरित की गईं, सामुदायिक भावना को विकसित करने हेतु हेरिटेज वॉक, तथा एन एस एस दिवस, दीवाली महोत्सव, तथा वार्षिकोत्सव 'जागृति' के दौरान हमारी परियोजनाओं - पहल, पोषण, अस्तित्व, पुस्तक, तथा ईच वन टीच वन की विविध गतिविधियां आयोजित की गईं।


